उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद, प्रयागराज
Uttr Pradesh State Open School Board, Prayagraj
(An autonomous institution under Ministry of Education,
Govt. of Uttar Pradesh)

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
मिशन प्रेरणा

पत्रांक कार्यालयः उ.प्र.रा.मु.वि.प./ UPSOSB/2025/07-FWA दिनांकः– 16-06-2025

## कार्यालय अधिसूचना

विषयः फर्जी वेबसाइटों से सावधान करने एवं जन–जागरूकता हेतु सूचना

यह सूचित किया जाता है कि वर्तमान समय में कुछ फर्जी वेबसाइटें उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद (UPSOSB) के नाम, प्रतीक चिन्ह (Logo) और पहचान का दुरुपयोग करते हुए आम जनता, विशेष रूप से विद्यार्थियों को भ्रमित कर रही हैं। ये वेबसाइटें अवैध रूप से प्रवेश, परीक्षा परिणाम और प्रमाण–पत्र प्रदान करने का झूठा दावा कर रही हैं।

इस संबंध में परिषद आम जनमानस को सूचित करता है कि :

1- परिषद की एकमात्र आधिकारिक वेबसाइट है **https://www.uprmvp.ac.in**

2- पूर्व में प्रयुक्त वेबसाइट **https://www.upsosb.ac.in** अब संचालन में नही है अतः (obsolete) मानी जाएगी।

3- अन्य किसी वेबसाइट पर उपलब्ध कोई भी सूचना, आवेदन पत्र, प्रमाण पत्र या परिणाम अवैध और अमान्य होंगे।

4- सभी विद्यार्थी, अभिभावक एवं हितधारक अनुरोध किया जाता है कि किसी भी प्रकार की जानकारी या लेन–देन से पहले परिषद की अधिकृत वेबसाइट अथवा कार्यालय से सत्यापन करें।

5- फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से हुई किसी भी हानि के लिए परिषद जिम्मेदार नहीं होगा।

### कानूनी कार्यवाही

जो भी व्यक्ति या संस्था बोर्ड के नाम, लोगो या पहचान का दुरुपयोग कर रही है, उनके विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 एवं भारतीय दंड संहिता के तहत कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

संपर्क विवरणः
ईमेलः **info@uprmvp.ac.in**
हेल्पलाइन नंबरः 0532–2447156
अधिकृत वेबसाइट : **https://www.uprmvp.ac.in**

यह अधिसूचना जनहित में जारी की जा रही है।

आदेशानुसार

अध्यक्ष
डा0 मनीष प्रताप सिंह
उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद